पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मानव संसाधन एवं प्रशासनिक विभाग
विद्युत भवन, नजदीक–आई0एस0बी0टी0 क्रासिंग, सहारनपुर रोड़, माजरा, देहरादून–248002
दूरभाष नं0 0135–2645249 फैक्स नं0 0135–2645249 email:- hr@ptcul.org

पत्रांक : 393/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/पी–8 दिनांक: 15.03.2019

कार्यालय ज्ञाप

कार्यालय ज्ञाप संख्या 737/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/पी–8 दिनांक 08.05.2013 द्वारा पावर ट्राँसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि0 से पेन्शन आहरित कर रहे सेवानिवृत्त कार्मिकों, पारिवारिक पेन्शनर्स एवं अन्य सेवानिवृत्त कार्मिकों को देय सेवानिवृत्तिक लाभों के सम्बन्ध में हो रही कठिनाईयों के निस्तारण एवं निवारण हेतु कारपोरेशन मुख्यालय में प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को बैठक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया था। पेंशन प्रकरणों की स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उक्त बैठक प्रत्येक माह के स्थान पर द्विमासिक आहूत किये जाने की एतद्द्वारा व्यवस्था की जाती है।

मुख्यतः पुराने पेंशन प्रकरणों का निवारण हो गया है तथा वर्तमान में पेंशन प्रकरण कम शेष है। द्विमासिक बैठक प्रत्येक माह के तृतीय शनिवार को आयोजित की जायेगी तथा आगामी बैठक माह अप्रैल में आयोजित की जायेगी। बैठक में सेवानिवृत्त कार्मिक, पारिवारिक पेन्शनर्स भी उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं उनके पेंशन प्रकरण में आने वाली कठिनाई से सम्बन्धित स्थिति से अवगत करा सकते हैं।

(आशीष कुमार)
निदेशक (मा0सं0)

पत्रांक 393/मा0सं0एवंप्र0वि0/पिटकुल/पी–8 तददिनांक : –
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सहायक–प्रबन्ध निदेशक, पिटकुल को प्रबन्ध निदेशक महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. निदेशक (वित्त))/(परिचालन)/(परियोजना), पिटकुल, देहरादून।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता/महाप्रबन्धक, पिटकुल............... ।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता/उपमहाप्रबन्धक, पिटकुल................।
5. अध्यक्ष, विद्युत पेंशनर्स परिषद, उत्तरांचल, 21, फील्ड होस्टल, ऊर्जा भवन, केम्पस, कावली रोड, देहरादून।
6. उपमहाप्रबन्धक (सू0एवंप्रौ0), कारपोरेशन मुख्यालय, देहरादून को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया विषयगत पत्र को कारपोरेशन की वैबसाईट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
7. समस्त अधिशासी अभियन्ता, पिटकुल......................।

(आशीष कुमार)
निदेशक (मा0सं0)